जनपद हमीरपुर

थाना सुमेरपुर **दिनांक -21.05.2026**

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

पुलिस कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण-

जनपद हमीरपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में अभियुक्त फिरोज को पूर्व में गिरफ्तार कर दिनांक 16.04.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं दूसरे अभियुक्त अरविन्द कुमार वर्मा की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 21.05.2026 को थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र अयोध्या निवासी धर्मेश्वर बाबा वार्ड नं0-4 कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को राजकीय इण्टर कॉलेज सुमेरपुर मोड़ मुख्य सड़क मार्ग से पैलानी मार्ग की ओर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु भेजा जा रहा है। प्रकरण में अन्य आवश्यक विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र अयोध्या निवासी धर्मेश्वर बाबा वार्ड नं0 4 कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान-

राजकीय इण्टर कालेज सुमेरपुर मोड़ मुख्य सडक मार्ग सुमेरपुर से पैलानी मार्ग से थाना सुमेरपुर, हमीरपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1.प्र0नि0 योगेश तिवारी

2.का0 अमित कुमार

3.का0 दिलीप कुमार